प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 09.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

रक्षा मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और व्यक्तियों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या रियल टाइम रिपोर्टिंग से बचने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी संवेदनशील या सूत्र–आधारित जानकारी का खुलासा सेना के ऑपरेशन की प्रभावशीलता को ख़तरे में डाल सकता है। केबल टेलीविज़न नेटवर्क संशोधन नियम, 2021 के अनुसार, आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान केवल नामित अधिकारियों द्वारा ही पीरियोडिक ब्रीफिंग दी जा सकती है। मंत्रालय ने सभी हितधारकों से राष्ट्र की सेवा में उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए कवरेज में सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बरतने का आग्रह किया है। इस बीच मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को स्थगित कर दिया है। उधर भारतीय सशस्त्र बलों ने कल रात ड्रोन और अन्य हथियारों से उत्तरी और पश्चिमी शहरों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू–कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। भारतीय सेना ने कहा है कि संघर्षविराम के इन उल्लंघनों का माकूल जवाब दिया जाएगा। मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ के अनुसार, पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में सैन्य स्टेशनों और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास के स्थानों को भी निशाना बनाने का प्रयास किया। हालाँकि, भारतीय सशस्त्र बलों ने हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया, और किसी भी जान के नुकसान की सूचना नहीं है।

00000

भारतीय तेल निगम लिमिटेड–आईओसीएल ने कहा है कि देशभर में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और इसकी आपूर्ति लाइनें सुचारू रूप से चल रही हैं। आईओसीएल ने नागरिकों से यह भी आग्रह किया है कि वे घबराहट में खरीदारी करने और अनावश्यक भीड़ से बचें ताकि सभी के लिए ईंधन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। आईओसीएल ने कहा कि उसके सभी विक्रय केन्द्रों पर ईंधन और एलपीजी आसानी से उपलब्ध है। उधर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह शून्य दशमलव नौ प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

00000

देश में चल रहे मौजूदा हालात के मद्देनजर राज्य सरकार ने सीमावर्ती जिलों में ब्लैकआउट घोषित किया है। बाडमेर, जैसलमेर, बीकानेर, फलौदी, जोधपुर और श्रीगंगानगर में रात 9 बजे से सुबह 4 बजे तक अगले आदेश तक ब्लैक आउट रहेगा। इन क्षेत्रों में लोगों को ब्लैक आउट की अवधि के दौरान घरों में रहने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही इन इलाकों में एसडीआरएफ की टीमे तैनात की गई है। सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढा दी गयी है। इन जिलों में किसी भी संभावित आपातकालीन स्थिति में संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने के लिए वित्तीय सहायता जारी की गई है। श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर के लिए 5–5 करोड़ रूपए तथा फलौदी, जोधपुर और हनुमानगढ़ के लिए ढाई–ढाई करोड़ रूपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी गई है। सीमावर्ती जिलों में जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर कई दिशा निर्देश जारी किये गये है। इसी के तहत जैसलमेर में जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने आदेश जारी कर अतिशबाजी पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अलावा एक अन्य आदेश में सभी ड्रोनधारकों से अपने ड्रोन नजदीकी पुलिस थाने में आज ही जमा करवाने को कहा गया है। बाडमेर में शादी समारोहों में घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यक्रम स्थलों पर रात के समय लाईटिंग और ड्रोन का इस्तेमाल नहीं करने का परामर्श जारी किया गया है। इसके साथ ही फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए हेलोजन लाईट का इस्तेमाल नहीं करने को भी कहा गया है।

00000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आज से राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला शुरू होगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। इस दौरान सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक भी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के डिजिटल पोर्टल और 'म्हारो खातो म्हारो बैंक' अभियान से

जुड़े पोस्टर का विमोचन किया जाएगा। साथ ही 5 ऋणी किसानों को ऋण राहत प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। मेले के दौरान दो प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को बैंक मित्र बनाकर माइक्रो एटीएम भी सौंपे जाएंगे। दस दिन के इस मेले का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की थीम पर किया जा रहा है। मेले में विभिन्न राज्यों के  सहकारी संस्थानों की ओर से करीब 120 स्टॉल्स लगाई जाएंगी।

00000

आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भारतीय स्वाभिमान के ओजस्वी हुंकार और राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें नमन किया है।

00000